**भारत सरकार**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**

**भारी उद्योग विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2175**

**जिसका उत्तर गुरुवार, दिनांक 22 अगस्त, 2013 को दिया जाना है**

# आटोमोबाइल निर्यात

**2175. प्रो. सौगत राय:**

**श्री रामसिंह राठवा:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश से आटोमोबाइल निर्यात की वर्तमान प्रवृत्ति की स्थिति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वर्ष-वार इस क्षेत्र के माध्यम से अर्जित विदेशी मुद्रा कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त अवधि के दौरान निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किसी प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान किए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त अवधि के दौरान आटो उद्योग द्वारा निर्धारित और प्राप्त लक्ष्य क्या हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**

**(श्री प्रफुल पटेल)**

**(क):** देश से ऑटोमोबाइल निर्यात की वर्तमान प्रवृत्ति निम्नवत है-

(संख्या हजार में)

| **सेगमेंट** | **2011-12** | **2012-13** | **2013-14 (अप्रैल 2013-जून 2013)** |
|---|---|---|---|
| यात्री वाहन | 508 | 554 | 191 |
| वाणिज्यिक वाहन | 93 | 79 | 021 |
| तिपहिया | 361 | 303 | 118 |
| दुपहिया | 1975 | 1960 | 613 |
| कुल | 2937 | 2898 | 843 |

**(ख):** निर्यात के माध्यम से ऑटोमोबाइल सेक्टर से अर्जित विदेशी मुद्रा का ब्यौरा तथा वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 और 2013-14 (अप्रैल-मई) में किए गए निर्यातों का सार निम्नवत है:

कुल निर्यात की तुलना में ऑटो उद्योग का निर्यात (मिलियन अमरीकी डॉलर के मूल्य में)

| **वर्ष** | **ऑटो उद्योग का निर्यात** | **कुल निर्यात** | **कुल निर्यात की तुलना में ऑटो उद्योग के निर्यात का प्रतिशत** |
|---|---:|---:|---:|
| 2010-11 | 9305.24 | 249815.54 | 3.72 |
| 2011-12 | 10916.77 | 305963.92 | 3.57 |
| 2012-13 | 12171.16 | 300400.68 | 4.05 |
| 2012-13(अप्रैल-मई) | 1937.78 | 48613.29 | 3.99 |
| 2013-14(अप्रैल-मई) | 1810.99 | 47498.50 | 3.81 |

**(ग)और(घ)** : सरकार ने फोकस प्रोडक्ट स्कीम के अंतर्गत ऑटोमोबाइल सेक्टर सहित विभिन्न सेक्टरों को प्रोत्साहन प्रदान किया है। यह प्रोत्साहन 2% शुल्क जमा पर्ची अथवा निर्यात के एफ ओ बी मूल्य के 5% के रूप में दिया गया है। इसका ब्यौरा अनुबंध-I पर संलग्न है।

**(ङ)** : ऑटोमोटिव मिशन प्लान (एएमपी) 2006-16 का उद्देश्य छोटी कारों, बहुपयोगी वाहनों (एम यू वी), दुपहिया तथा तिपहिया वाहनों और ऑटो कलपुर्जों के निर्यात पर विशेष ध्यान देकर कुल कारोबार को वर्ष 2016 में 145 अमरीकी डॉलर तक ले जाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में ऑटोमोटिव सेक्टर के योगदान को दोगुना करना है।

<u>अनुबंध-I</u>

**ऑटोमोबाइल निर्यात के संबंध में प्रो. सौगत राय और श्री रामसिंह राठवा द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2175, जिसका उत्तर दिनांक 22-08-2013 को दिया जाना है, के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| मार्केट लिंक्ड फोक्स प्रोडक्ट | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **साइकिल और साइकिल कलपुर्जे :**<br>**नोट :** नीचे शामिल किए गए उत्पाद केवल साइकिलों में प्रयोग के लिए होने चाहिए, इसलिए निर्यातकों आरए को इससे संबंधित दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करें। | | | | | |
| क्रम सं. | फोकस प्रोडक्ट कोड | उत्पाद/ सेक्टर का विवरण | आईटीसी (एचएस) कोड़ | फोकस प्रोडक्ट/ सेक्टर के लिए लिंक्ड बाजार | दर प्रतिशत |
| 1 | 1. | बाइसिकिल और अन्य साइकिलें (डिलीवरी तिपहिया साइकिल सहित) मोटर रहित | 871200 | अलजीरिया, तंजानिया, नाइजीरिया, केन्या, ब्राजील और यूक्रेन (**पीएन 30 दिनांक 12.1.2010 के अनुसार 1.1.2010 से लाभ के लिए चीन और जापान को जोड़ा गया है**) | 2% |
| **ऑटो कलपुर्जा** | | | | | |
| 2 | 2. | ब्रेक लाइनिंग और पेड | 681310 | ब्राजील, जापान, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य और रूस (**पीएन 30 दिनांक 12.1.2010 के अनुसार 1.1.2010 से लाभ के लिए चीन को जोड़ा गया है**) | 2% |
| 3 | 3. | एस्बेस्टस फ्रैक्शन सामग्री | 681390 | | 2% |
| 4 | 4. | माउंटेड ब्रेक लाइनिंग | 870831 | | 2% |
| 5 | 5. | एबीएस (आईटीसी (एचएस) कोड़ 870831 के तहत शामिल माउंटेड़ ब्रेक लाइनिंग के अतिरिक्त) सहित ब्रेक और सर्वो ब्रेक पार्ट्स | 870839 | | 2% |
| 6 | 6. | गीयर बॉक्स | 870840 | | 2% |
| 7 | 7. | डिफ्रेन्सियल सहित ड्राइव एक्सेल, अन्य परिवहन कलपुर्जो के साथ उपलब्ध करवाया गया या नहीं | 870850 | | 2% |
| 8 | 8. | गैर ड्राइविंग एक्सेल और उसके पार्ट्स | 870860 | | 2% |
| 9 | 9. | सस्पेंशन शॉक एवशोर्बर | 870880 | | 2% |
| 10 | 10. | रेडियेटर | 870891 | | 2% |
| 11 | 11. | साइलेंसर और एक्जास्ट पाइप | 870892 | | 2% |
| 12 | 12. | स्टियरिंग व्हील, स्टियरिंग कॉलम और स्टियरिंग बॉक्स | 870894 | | 2% |
| 13 | 13. | अन्य ऑटो पार्ट्स और एसेसरीज | 870899 | | 2% |
| 14 | 14. | एसबेस्टॉस | 68129011 | | 2% |
| 15 | 15. | एसबेस्टॉस पैकिंग ज्वाइंट | 68129021 | | 2% |
| 16 | 16. | गास्केट | 68129022 | | 2% |
| **मोटर कार** | | | | | |
| 17 | 17. | एक हजार सीसी से कम की एक सिलेंडर क्षमता के स्पार्क इग्निशन आंतरिक दहन रिसीप्रोकेटिंग पिस्टन ईंजन सहित मोटर कार (रेसिंग कारों को छोड़कर) | 870321 | बहरीन, बांग्लादेश, केन्या, कुवैत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपिंस, सऊदी अरब, सिंगापुर, रूस, तंजानिया, तुर्की, यूएई और यूक्रेन (**पीएन 30 दिनांक 12.1.2010** | 2% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | 18. | एक हजार सीसी से अधिक किन्तु पन्द्रह सौ सीसी से कम की एक सिलेंडर क्षमता के स्पार्क इग्निशन आंतरिक दहन रिसीप्रोकेटिंग पिस्टन ईंजन सहित मोटर कार (रेसिंग कारों को छोड़कर) | 870332 | **के अनुसार 1.1.2010 से लाभ के लिए चीन और जापान को जोड़ा गया है**) | 2% |
| 19 | 19. | कंप्रेशन सहित मोटर कार (रेसिंग कारों को छोड़कर)-पन्द्रह सौ सीसी से कम की एक सिलेंडर क्षमता के इग्निशन आंतरिक दहन पिस्टन ईंजन (डीजल या सेमी डीजल) | 870331 | | 2% |
| **मोटर वाहनों के लिए चेसिस** | | | | | |
| 20 | 20. | हेडिंग 8701 से 8705 के मोटर वाहनों के लिए ईंजन सहित फिटेड चेसिस | 870600 | अल्जीरिया, दुबई, कतर, नाइजीरिया, केन्या, ओमान, तंजानिया, सिंगापुर, सऊदी अरब, मिस्र, कुवैत और यूएई (**पीएन 30 दिनांक 12.1.2010 के अनुसार 1.1.2010 से लाभ के लिए चीन और जापान को जोड़ा गया है**) | 2% |
| **मोटर साइकिल** | | | | | |
| 21 | 21. | पचास सीसी से कम की एक सिलेंडर क्षमता के रिसीप्रोकेटिंग आंतरिक दहन पिस्टन ईंजन सहित, सहायक मोटर सहित फिटेड मोटर साइकिल(मोपेड को शामिल करते हुए किन्तु साइड कार को छोड़ते हुए) और साइकिल | 871110 | नाइजीरिया, इण्डोनेशिया, केन्या, तंजानिया, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र (**पीएन 30 दिनांक 12.1.2010 के अनुसार 1.1.2010 से लाभ के लिए चीन और जापान को जोड़ा गया है**) | 2% |
| 22 | 22. | पचास सीसी से अधिक किन्तु दो सौ पचास सीसी से कम की एक सिलेंडर क्षमता के रिसीप्रोकेटिंग आंतरिक दहन पिस्टन ईंजन सहित, सहायक मोटर सहित फिटेड मोटर साइकिल(मोपेड को शामिल करते हुए किन्तु साइड कार को छोड़ते हुए) और साइकिल | 871120 | | 2% |
| 23 | 23. | दो सौ पचास सीसी से अधिक किन्तु पांच सौ सीसी से कम की एक सिलेंडर क्षमता के रिसीप्रोकेटिंग आंतरिक दहन पिस्टन ईंजन सहित, सहायक मोटर सहित फिटेड मोटर साइकिल(मोपेड को शामिल करते हुए किन्तु साइड कार को छोड़ते हुए) और साइकिल | 871130 | | 2% |